हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



12 बाल संसद के गठन से होता है लोकतांत्रिक मूल्यों का ...



10 बीएसपी के नए मुखिया ने संभाली कमान, कर्मियों ..




## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूजन आज

**नवागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नवागढ़ खण्ड द्वारा हर साल की तरह इस साल भी गुरु पूजन एवं समर्पण उत्सव का आयोजन 19 जुलाई को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मां महामाया मंदिर प्रांगण, नवागढ़ में शाम 5 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक अभयराम होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय चेतना, सेवा और समर्पण भाव को जागृत करना है। संघ की परंपरा के अनुसार, स्वयंसेवक भगवा ध्वज को गुरु स्वरूप मानकर अपनी आस्था, सेवा और समर्पण अर्पित करते हैं। संघ कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय से 5 मिनट पहले उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं। सभी स्वयंसेवकों को पूर्ण गणवेश या मंगलवेश में उपस्थित रहना अनिवार्य है।

### भागवत कथा में भक्त प्रह्लाद चरित्र और गजेंद्र मोक्ष की प्रस्तुति

**थानखम्हरिया।** राधाकृष्ण जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तृतीय



दिवस कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे ने भगवद्भक्ति की महानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त के प्रेम से बंध जाते हैं और समय आने पर स्वयं उसकी रक्षा करते हैं। इस प्रसंग में प्रह्लाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे असुरराज हिरण्यकश्यप का पुत्र होकर भी प्रह्लाद बचपन से ही भगवद्भक्ति में लीन था। पिता ने अनेक बार उसे भगवान विष्णु की भक्ति से रोकने का प्रयास किया, परंतु प्रह्लाद अडिग रहा। अंततः जब हिरण्यकश्यप ने उसे मारने का प्रयास किया, तब भगवान नृसिंह अवतार में प्रकट होकर अपने भक्त की रक्षा की और अधर्मी का विनाश किया। इस प्रसंग ने पंडाल में उपस्थित भक्तों को भक्तिभाव से अभिभूत कर दिया। इसके पश्चात गजेंद्र मोक्ष की करुणामयी कथा सुनाई गई। सुश्री विद्या दुबे जी ने बताया कि कैसे गजेंद्र जो एक हाथी था जब मगर के चंगुल में फंस गया, तब उसने अंतिम आशा से भगवान की शरण ली और पुकार लगाई। भगवान श्रीहरि तुरंत अपने वाहन गरुड़ पर सवार होकर पहुंचे और गजेंद्र का उद्धार किया।

# बोइरकछरा आंबा केंद्र बना नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आंगनबाड़ी केंद्र बोइरकछरा, परिक्षेत्र प्रातापुर, जहां नन्हें बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जा रही है। यह केंद्र अब सिर्फ शिक्षण स्थल नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक प्ले स्कूल एवं प्री-नर्सरी की तरह विकसित हो गया है, जहां उनके बौद्धिक, मौखिक, शारीरिक, रचनात्मक और सामाजिक कौशल का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र में अक्षरज्ञान के साथ-साथ बच्चों को कविताएं, कहानियां, गीत और अच्छी आदतें सिखाई जा रही हैं। बच्चों ने रात को जल्दी सोना सीखो, सुबह को जल्दी उठना, मछली जल की रानी है, प्यासा कौआ, आलू कचालू, पानी बरसा छम छम छम जैसी बाल-रचनाएं कंठस्थ कर ली हैं। दीवारों पर बनाए गए आकर्षक शैक्षणिक पेंटिंग्स के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित की जा रही है। इन चित्रों को देखकर बच्चे उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र न केवल प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम बन गए हैं, बल्कि "लड़का-लड़की एक समान", "अच्छी बातें", "वजन की रेखा जितनी अच्छी, उतना बच्चा अच्छा", जैसे संदेशों के माध्यम से समाज में जागरूकता भी फैला रहे हैं। यहां गर्भवती महिलाओं को पोषक भोजन प्रदान किया जा रहा है और गर्भावस्था के दौरान देखभाल संबंधी आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं।

## खेल-खेल में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



### स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति कर रहे जागरूक

बोइरकछरा आँ.बा. केंद्र में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा महिला सक्षम कोष जैसी महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिसोदिया ने जानकारी दी कि शासन की पूरक पोषण आहार योजना के माध्यम से जिले में कुपोषण मुक्ति का लक्ष्य पूरा करने हेतु सतत प्रयास जारी हैं। केंद्र में बच्चों को प्रतिदिन पोषक आहार जैसे हरा पत्तेदार साग-सब्जी, मूंगा भाजी पाउडर, दाल-भात, रोटी-सब्जी, समय पर नाश्ता प्रदान किया जा रहा है। वहीं, गर्भवती महिलाओं को गरम एवं ताजा भोजन भी दिया जाता है। किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## दुर्घटना : थान खम्हरिया-कारेसरा मार्ग पर हादसा

# कार की टक्कर से पैदल चल रहे ग्रामीण की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थान खम्हरिया-कारेसरा मार्ग पर शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक कार की चपेट में आने से एक पैदल ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे कवर्धा रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने कार जब्त कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। कबीरधाम जिले के पंडरिया निवासी कार चालक थान खम्हरिया में एक तेरही कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह घर लौट रहा था। कारेसरा मार्ग पर जय अंबे राइस मिल के सामने, उसकी अनियंत्रित कार ने समीपस्थ ग्राम कुरदा निवासी एक ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया, जो विपरीत दिशा से आ रहा था।

### अव्यवस्थित यातायात के कारण हो रहे हादसे



घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कवर्धा रेफर किया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की जाँच जारी है। नगर के बायपास रोड और कारेसरा मार्ग पर शाम के समय अक्सर यातायात का दबाव बना रहता है। वहीं, तिरंगा चौक के समीप स्थित शासकीय शराब दुकान और अवैध चखना सेंटरों के कारण वाहनों का आवागमन बेतरतीब होता है, जिससे इस क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस घटना ने एक बार फिर इन संवेदनशील स्थानों पर यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को उजागर किया है।


# जुलाई से लागू होगी बिजली की नई दरें

## विभाग के पास नहीं पहुंचा है अब तक ट्रैरिफ बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में परिवर्तन कर दिया है। उपभोक्ताओं को 300 से 400 यूनिट की खपत पर 30 से 50 रुपए तक अधिक देना पड़ेगा। वहीं 500 से 600 युनिट पर पर 70 रुपए तक ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। जाहिर है इससे उपभोक्ताओं के जेब ढीली होना तय है। इसका विरोध भी हो रहा है, लेकिन कंपनी द्वारा दर लागू होने के बाद अगस्त में बिजली बिल नई दरों के साथ ही मिलेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दे दिया है। अगर आप 300 से 400 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं तो अगस्त के बिल में 50 रुपये तक की राशि जुड़ जाएगी। इसी तरह से 500 से 600 यूनिट तक खपत होने पर 60 व 70 रुपये अतिरिक्त देना पड़ेगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों को स्वीकृति दे दी है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावशील लागू हो चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार एक यूनिट बिजली की उत्पादन लागत जहां 7.20 रुपये है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को यह न्यूनतम 4.10 रुपये प्रति यूनिट की दर से दी जा रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि भले ही आयोग ने 10 से 20 पैसे प्रति युनिट की बढ़ोत्तरी की है लेकिन अभी तक ट्रैफिक बुक नहीं मिल सका है। ऐसे में अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे है कि कितने रूपए की बढ़ोत्तरी होगी। दरअसल बिलिंग ऑनलाइन प्रोसेस में है ऐसे में कुछ चार्ज में इसे जोड़कर बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में हाफ यानि 50 प्रतिशत की छूट देती रहेगी।

■ विभाग के पास नहीं पहुंची है अब तक ट्रैरिफ बुक



### जानकारी दी जाएगी

ट्रैरिफ लागू होने के बाद अगले माह से बिल जनरेट किया जाता है। वर्तमान में ट्रैरिफ बुक नहीं आई है, सारा प्रोसेस ऑनलाइन है। उपभोक्ताओं को जानकारी मिल जाएगी।

- **गुलाब राम साहू,** एई, विद्युत विभाग बेमेतरा

### यूनिट और निर्धारित राशि

| यूनिट | वर्तमान दरे | राशि | नई दरें | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 0-100 | 3.90 पैसे | 390 रु | 4.10 | 410 |
| 101-200 | 4.10 | 410- 820 | 420 | 424.2 |
| 201-400 | 5.50 | 1105-2200 | 560 | 1125.6 |
| 401-600 | 6.50 | 2606.5-3900 | 6.60 | 2646,6 |
| 601 से अधिक | 8.10 | 4868.1 | 8.30 | 4988.3 |

# किसानों के डिजिटल पंजीयन के लिए विशेष शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कृषक पंजीयन डिजीटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर के तहत देशभर में कृषि भूमि स्वामी का एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन किया जाना है आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025.26 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एगी स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है इसके संबंध में कृषि भूमि धारक की पहचान पत्र बनाने के लिए प्रत्येक सेवा सहकारी समिति में शिविर आयोजित किया जा रहा है राजस्व एवं कृषि विभाग साजा के संयुक्त तत्वाधान में 15 जुलाई से 25 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पटवारी सेवा सहकारी समिति में उपस्थित होकर किसानों का फार्मर आईडी बनाने के लिए प्रेरित करेंगे आज इसी अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति कांपा में सिविल का आयोजन किया गया।

जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पिंकी मनहर पहुंची शिविर का निरीक्षण करने के बाद आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत होते हुए उनके निराकरण के निर्देश दिए अपनी निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने खाद की उपलब्धता की जानकारी ली शिविर में प्रमुख रूप से थान खमरिया तहसीलदार मोरध्वज साहू वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश ध्रुव सहित पटवारी वह अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दिए नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को, 20 केंद्रों पर 5 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एडीए 25) 27 जुलाई 2025, रविवार को प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। बेमेतरा जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 20 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें लगभग 5000 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

■ जिले में बनाए गए 20 परीक्षा केंद्र

इस महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शुक्रवार कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी रामकृष्ण साहू, एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर डॉ. दीप्ति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि की कोई भी घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सख्त निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, और प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी चरणों पर सतर्क निगरानी रखी जाए।

### जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रमुख निर्देश

परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच और मैनुअल पैट डाउन (हाथों से तलाशी) प्रक्रिया पूरी की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम **2.30 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। सुबह 9:45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थी केवल निर्धारित प्रवेश पत्र और एक (मतदाता परिचय पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पैन कार्ड/ आधार कार्ड) के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। प्रवेश पत्र का केवल एक तरफ प्रिंट किया गया स्पष्ट प्रिंटआउट ही मान्य होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, पर्स, बैग, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी, इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और उड़नदस्ता दल तैनात रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके और परीक्षार्थियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें, दिशा-निर्देशों का पालन करें और पहचान पत्र के साथ प्रवेश पत्र लाना सुनिश्चित करें, जिससे वे बिना किसी परेशानी के परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए गए हैं।






# छात्राओं ने सैनिकों के लिए बनाईं राखियां

**साजा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने देश की सरहदों पर तैनात सैनिकों के लिए अपने हाथों से राखियां बनाई हैं। इन राखियों को सैनिकों तक भेजा जाएगा। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन में सैकड़ों राखियां तैयार कीं। यह पहल सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका है, साथ ही छात्राओं में देशभक्ति की भावना को भी बढ़ावा देती है।






## खबर संक्षेप



### ओए पदाधिकारियों ने की डीआईसी से सौजन्य भेंट

**भिलाई।** ओए-बीएसपी के पदाधिकारियों ने निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा से पदभार ग्रहण के बाद भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस संक्षिप्त भेंट में मप से संयंत्र के उत्पादन, सुरक्षा अधिकारियों के मुद्दों तथा भिलाई की वर्तमान स्थिति को और बेहतर पर चर्चा की हुई।निदेशक प्रभारी के सभागार में ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में महासचिव परविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव द्वय संजय कुमार तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

### यूनियन प्रतिनिधियों ने महापात्रा से की भेंट



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज सीआर महामात्रा से उनके इस्पात भवन के कान्फ्रेंस हाल में सौजन्य भेंटकर गुलदस्ते से भावभीना स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल में इंटक के जीएस वंश बहादुर सिंह, शिवशंकर सिंह, रमाशंकर, एचएमएस के अध्यक्ष हरीराम यादव, जीएस पीके मिश्रा, सीटू के जीएस जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी व श्री जांगड़े, रघुवर गोड़,कृष्णबलरम यादव, एटक के विनोद कुमार सोनी,श्री मिश्रा, स्टील वर्कर्स यूनियन के संजय गुप्तास लोइमू के जीएस सुरेंद्र मोहंती आदि यूनियनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

### रोजगार मेला

**उतई।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, महकाखुर्द की ओर से उड़ान'रोजगार मेला (ओपन कैंपस प्लेसमेंट कैंप) का आयोजन 8 से 12 जुलाई तक किया गया। लगातार तीसरे वर्ष युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन में 45 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थाओं ने नियोक्ता के रूप में भाग लिया।

**उम्मीद :** से.9 हॉस्पिटल में जल्द बढ़े डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ, रेलमिल को मिले गति

# बीएसपी के नए मुखिया ने संभाली कमान, कर्मियों व अधिकारियों के लंबित मुद्दों का निराकरण बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र के नए मुखिया से इस्पात नगरी को नई उम्मीद बंधी है। बीएसपी के हजारों कर्मचारियों, अधिकारियों और ठेका मजदूरों के मुद्दों के साथ टाउनशिप और प्लांट की समस्याओं के निदान में तेजी आने की आशा की जा रही है। यूनियनों और ओए को उम्मीद है कि सादगीपसंद और स्मार्ट वर्किंग के लिए जाने जाने वाले अनुभव में पगे नवनियुक्त डायरेक्टर इंचार्ज पीसी महापात्रा विरासत में मिली चुनौतियों को अवसरों में बदलते हुए प्राथमिकता से इनका समाधान निकालेंगे। वहीं भिलाई की फौलादी कार्य संस्कृति और उपलब्धियों की परंपरा को और समृद्ध करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में 5 साल तक डायरेक्टर रहे अनिर्बान दासगुप्ता के रिटायर होने के बाद बोकारो में ईडी वर्क्स रहे चितरंजन महापात्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के डीआईसी की जिम्मेदारी संभाल रही है। 6 माह पूर्व रिटायर हुए श्री दासगुप्ता से नए मुखिया को जहां उत्पादन उत्पादकता व कार्य संस्कृति के रुप में कई उपलब्धियां मिली हैं वहीं समस्याओं की चुनौतियां भी मिली हैं। भिलाई बिरादरी का मानना है कि नए डीआईसी अपने लंबे टेक्नोक्रेटबल अनुभव और प्रबंधकीय कौशल से अपने करीब दो साल के कार्यकाल में सेल की ध्वजवाहक व भिलाइयंस को ऐसी समृद्ध विरासत सौंप सकते हैं,जो सेल के सभी संयंत्रों के लिए एक नजीर बन सकती है। श्री महापात्रा से सौजन्य भेंट के दौरान ओए,यूनियनों आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों कुछ इसी तरह की उम्मीद जताई। बीएसपी के डीआईसी सेल बोर्ड के अहम मेंबर भी हैं, इस नाते वे 11 हजार कर्मियों की सबसे बड़ी व 5 साल से लंबित समस्या अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण कराने यानी 39 महीने के लंबित एरियर्स व भत्तों आदि के त्वरित निदान के लिए उच्च प्रबंधन से आग्रह कर सकते हैं। वहीं कीर्तिमानी उत्पादन में महती भूमिका निभाने वाले कर्मियों की 1997 की इंसेटिव स्कीम को 07 में रिन्यू करने के बाद उत्पादन लक्ष्य तो बढ़ा दिया लेकिन पुरानी इंसेटिव राशि 3218 रुपए ही कर्मियों को मिल रही है। टाउनशिप की सुंदरता को प्रभावित करने वाले बेजा कब्जे व अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की उम्मीद है।



### प्लांट का लंबित एक्सपांशन

सेल के 30 से 35 मिलिटन टन विस्तार योजना के तहत सेल की ध्वजवाहक इकाई बीएसपी की बड़ी भूमिका होगी। लेकिन बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट पिछले 5 साल से लंबित है। इसमें अभी सिर्फ नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल की सेल ने हरी झंडी दी है। इसकी प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हुई है। आशा की जा रही है कि बीएसपी के उत्पादन को 7 मिलिटन टन से 15 मिलिटन टन के लक्ष्य के लिए नए मुखिया जल्द एक्सपांशन शुरु कराने व नई यूआरएम को गति दिलाने में अहम किरदार निभाएंगे। वहीं प्लांट में सड़कों की मरम्मत, कैंटीन सहूलियतें, सेफ्टी के अधिक फोकस होगा।

### फिर से चमके टाउनशिप

एक दशक से टाउनशिप की चमक बेहद फीकी हो रही है। 60 साल पुरानी टाउनशिप में बुनियाद सुविधाओं आवासीय, सीपेज, बिजली, पेयजल सीवेज, क्रास स्ट्रीटें, नाली, मार्केट, सफाई बेकलेन, मार्केट आदि समस्याओं में इजाफा होने से रहवासी संयंत्रकर्मी व परिवार परेशान है। वहीं 10 साल पूर्व तक सेंट्रल इंडिया का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाने वाला पं. जवाहरलाल नेहरु अस्पताल से. 9 डांक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ व सेवाओं आदि की कमी के चलते गंभीर मरीजों को बाहर के अस्पतालों में रिफर करना पड़ रहा है। हेल्थ सेंटर भी अपडेट किए जाने की जरुरत है।

### रिवार्ड स्कीम प्रजेंशन अवार्ड स्कीम बंद, इसे शुरू करने से मिलेगा प्रोत्साहन

एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा बताते हैं कि रिवार्ड स्कीम प्रजेंशन एवार्ड स्कीम बंद है। फिर से शुरु कर पूर्व की तरह सोडेक्सो कूपन व ग्लास कटोरी आदि बर्तन वर्कर्स को मिलें। इंटक के महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि बीएसपी कर्मियों को टाउनशिप में सब्जेक्ट टू बेकेशन के साथ लायसेंसी आवास मिलने से राहत मिलेगी। वहीं दो बड़े मैरिज हाल निर्माण की दरकार है। कर्मियों के अलावा अधिकारियों की बढ़ी उम्मीदों के तहत 2008 व 2010 बैज के अधिकारियों को पिछले 15 साल से मिल रहे कम वेतन की विसंगित दूर किए जाने की आशा है। वहीं एमटीटी आदि ज्वाइन करने वालों को 4 साल में प्रमोशन मिलता है पर प्रमोटी अधिकारी को पदोन्नति में 6 साल लग जाते हैं। अधिकारियों की लंबित मांग है कि ई-1 से ई-5 तक प्रमोशन में 100 प्रति. कवरेज हो लेकिन ई-2 से 3, ई-4 से ई-5 व ई- 6 तक मुश्किल से प्रमोशन 60 से 65 प्रति. ही दिया जा रहा है, नए डीआईसी व बोर्ड मेंबर इन विसंगितों को जल्द दूर किए जाने की उम्मीद अधिकारी कर रहे हैं।

### बीएसपी के नवनियुक्त निदेशक प्रभारी महापात्रा ने कार्यभार संभाला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नवनियुक्त निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा गुरुवार को इस्पात भवन स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। उन्होंने निदेशक प्रभारी सभागार में कार्यपालक निदेशकों के साथ बैठक की। श्री महापात्रा ने संयंत्र के निष्पादन की समीक्षा की और इसके बाद संयंत्र का भ्रमण किया। वरिष्ठ प्रबंधन की बैठक में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डां. रवींद्रनाथ एम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार उपस्थित थे। ऑफिसर्स एसोसिएशन और अन्य श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चितरंजन महापात्रा से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। संयंत्र भ्रमण के दौरान महापात्रा संयंत्र के कोक ओवन बैटरी 5 और 6 पहुंच निरीक्षण किया और संयंत्र के प्रचालन की जानकारी ली। संयंत्र भ्रमण में निदेशक प्रभारी के साथ कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एमएंडयू) बीके बेहेरा, प्रणय कुमार आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने चलाया अभियान, 92 नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- अभियान चलाकर की गई छापेमारी
- उतई में सबसे ज्यादा पकड़े गए नशेड़ी

दुर्ग पुलिस नशाखोरी और अड्डेबाजी को कम करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने बीती रात भी अभियान चलाकर जगह जगह छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 92 नशेड़ियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने 16 जुलाई की शाम 6 बजे से लेकर देर रात 12 बजे तक एक टीमें गठित कर पेट्रोलिंग की। पुलिस ने इस दौरान अड्डेबाजी और सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। यह अभियान पुलिस अधीक्षक दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन और धमधा के नेतृत्व में चलाया गया।

पुलिस की टीम ने इस दौरन थाना खुर्सीपार में 3, थाना भिलाई नगर क्षेत्र में 6, भिलाई भट्टी में 1, नेवई में 1, सुपेला में 4, वैशाली नगर 1, थाना मोहन नगर में 6, पद्मनाभपुर में 4, पुलगांव में 6, अंजोरा 1, पाटन में 9, रानीतराई में 9 जामगांव आर 1 अंडा 5, अमलेश्वर 7, मचांदुर 5 उतई 9, थाना धमधा में 6, नन्दिनी 8 सहित कुल 92 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने अड्डेबाजी के लिए स्पॉट बनने वाले होटल, ढाबा, ठेला और दुकानों को बंद करने की हिदायत दी है और कहा कि यह अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगी।

# उद्योगों के केमिकलयुक्त पानी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- नालियों में केमिकलयुक्त पानी न बहे ऐसी व्यवस्था करने की दी हिदायत



नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे निरीक्षण किया। वार्ड क्रं. 41 राजीव नगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित उद्योगो में जल निकासी व्यवस्था एवं उद्योगों के केमिकलयुक्त पानी से बनी समस्या का अवलोकन किए। औद्योगिक क्षेत्र में बीईसी चौंक के समीपस्थ पावर ग्रीड में जल निकासी हेतु निरीक्षण किया। निरमा फैक्ट्री, के. एल. इंजीनियरिंग वर्क, सीस्कोल इण्ड्रस्टिज, चंदना कंपनी के अंदर जाकर अवलोकन किया गया। फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकलयुक्त पानी का जांच की गई। समीप क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों द्वारा नाली के उपर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो पा रही है और सफाई कर्मियों को परेशानी होती है। अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किए हैं।

लाइट इंडस्ट्रियल क्षेत्र लक्ष्मण नगर में संचालित हो रहे अवैध खटालों का निरीक्षण किया गया। खटाल संचालकों द्वारा सड़क पर गंदगी फैला दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इन खटालों को लक्ष्मण नगर से हटाकर गोकुल नगर में शिफ्ट करने निर्देशित किया गया है। शासकीय हित में उपयोग हेतु निगम स्वामित्व के भूमि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 41 की पार्षद वीणा चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, जोन स्वास्थय अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव उपस्थित रहे।

# हाइवे पेट्रोलिंग की सतर्कता से बची घायल की जान, समय पर पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- हाईवे पर लोगों की मदद के लिए दौड़ रहे वाहन
- मवेशियों के गले में बांधी जा रही रेडियम पट्टी

दुर्ग जिले के कुम्हारी पावर ग्रिड के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल को हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने तुरंत पहुंच कर अस्पताल पहुंचाया। समय पर घायल को इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। एएसपी ट्रैफिक ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग के जवान काफी अच्छा काम कर रहे हैं। उनकी लगातार सही पेट्रोलिंग के चलते सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को समय पर उपचार मिल जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने अपनी सूझबूझ के चलते दुर्ग से अंजोरा के बीच 76 घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया और उनकी जान बचाई है। इतना ही नहीं 15 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए रायपुर पहुंचाने के लिए ग्रीन कोरिडोर बनाया है।

**अब तक अभियान चलाकर 76 लोगों की बचाई जान**





### हाइवे पेट्रोलिंग 4 ने बचाई घायल की जान

16 जुलाई को दुर्ग से रायपुर मार्ग में एक स्कूटी चालक सीजी 07 सीक्यू 0277 कुम्हारी पावर ग्रिड के पास अनियंत्रित होकर गिर गया था। हाईवे पेट्रोलिंग 4 सूचना मिलते ही वहां पहुंची। घायल को गाड़ी से तुरंत नजदीकी हास्पिटल पहुंचाया। मरीज की जान बच गई।

### मवेशियों के गले में बांध रहे रेडियम पट्टी

पेट्रोलिंग करने के दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान सडक में खड़े रहने वाले मवेशियों की जान बचाने और दुर्घटना को कम करने के लिए उनके गले में रेडियम पट्टी भी बांध रहे हैं। इससे रात के समय वाहन चालक रेडिम पट्टी की चमक से यह जान जाएगा कि सड़क में कोई जानवर है। इससे वो समय पर वाहन को धीमा कर लेगा और दुर्घटना से बच सकेगा।

# दूसरे दिन भी रहा सीएचसी, पीएचसी में कामकाज प्रभावित

## एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी प्रदर्शन करने गए रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रही। अस्पतालों में से 850 एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन करने रायपुर रवाना हो गए। जिसकी वजह से सरकारी अस्पतालों में पूरे स्टॉफ से काम नहीं हो पाया। सबसे ज्यादा प्रभावित उप स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र भी रहे। जहां पर नियमित टीकाकरण के लिए महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई और वापस लौटी।



### अर्बन एरिया में बच्चों की जांच नहीं

अर्बन एरिया के श्रमिक बस्तियों में जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। लेकिन उनके हड़ताल पर चले जाने की वजह से यहां बच्चों की जांच नहीं हो पाई। इसी तरह रूरल एरिया में भी इसी तरह की समस्याएं आई।

### अस्पताल से लौटे ये मरीज

जिला व सिविल अस्पताल सुपेला में दूसरे दिन भी टीबी रोग यूनिट बंद रहा। श्रवण जांच केंद्र भी बंद रहा। जिला बाल रोग निदान केंद्र भी नहीं खुला। अस्पताल प्रबंधन ने बीपी, शुगर की रेगुलर जांच के लिए रेगुलर स्टॉफ की ड्यूटी लगाई। दंत रोग विभाग में भी असिस्टेंट गायब रहे। जिससे ओटी का काम रूका रहा।

### घेराव के पहले ही रोक दिए गए आंदोलित कर्मी

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों को विधानसभा घेराव करने के पहले ही रोक लिया गया। यहां स्वास्थ्य सचिव व एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, हिमांशु चंद्राकर आदि ने बताया कि प्रदेश के सभी 33 जिलों से 16 हजार से अधिक एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी हैं।ज्ञापन में कहा है कि यदि मांगे 15 दिनों में पूरी नहीं हुई जो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

### वृत्ताकार सहकारी समिति को मिला प्रथम पुरस्कार



**उतई।** उतई की वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित को छग स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नाबार्ड के द्वारा पुरुस्कार दिया गया है। 44 वें स्थापना दिवस पर उतई की वृहत्ताकार समिति को सर्वश्रेष्ठ पैक्स -वित्तीय प्रदर्शन के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ हैं।

### चाचा ससुर पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के रुआबांधा बस्ती में तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान एक युवक ने अपने ही चाचा ससुर के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश सेट्टी (48 साल) रुआबांधा बस्ती का रहने वाला है। उसने भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार सुबह 11.00 बजे वो अपने मामा सीनू कंडरा के घर रुआबांधा बस्ती में तेरहवीं कार्यक्रम में था। वहां सीनू कंडरा का दामाद राजनांदगांव के चिखली का निवासी चंदन उड़के भी आया हुआ था। कार्यक्रम में आते ही वो झगड़ा करने लगा। धारदार चाकू से मूर्ति के उपर प्राणधातक हमला कर दिया।

### शहर की व्यवस्था सुधारने और 27 तरह की सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने दिया जोर

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में भिलाई शहर की व्यवस्था में सुधार हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर जनदर्शन, निदान 1100, प्रधानमंत्री शिकायत, जलकर वसूली, मोर संगवारी योजना, जल प्रदाय, अवैध मकान निर्माण, गौठान, राजस्व आय, स्व-विवरणी में 5 गुणा वसूली, शिक्षण संस्थानो से टैक्स वसूली एवं नालियो के उपर से अतिक्रमण हटाने एवं शहर में वृहद वृक्षारोपण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वच्छता के क्षेत्र में पुरस्कार वितरण अंतर्गत रिवाल्विंग ट्रॉफी हेतु सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, गैर सरकारी संस्था एवं समाजसेवियों को चयन समिति में शामिल किया जाएगा।

**प्राकृतिक आपदा से निपटने जवानों को दिया गया प्रशिक्षण**

# एसडीआरएफ दुर्ग और बेमेतरा ने चलाया संयुक्त ऑपरेशन, बाढ़ से बचाव के लिए किया मॉकड्रिल

**बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित पहुंचाने दी गई ट्रेनिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बारिश के मौसम में बाढ़ से बचाव के लिए एसडीआरएफ दुर्ग और बेमेतरा की टीम ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल किया। इस दौरान कलेक्टर, एसएसपी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को दुर्ग और बेमेतरा जिले के एसडीआरएफ के जवानो ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल ऑपरेशन चलाया। उनकी तैयारी को देखने के लिए खुद बेमेतरा कलेक्टर और एसपी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे। अभ्यास के दौरान जवानो ने विभिन्न प्रकार के बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने मॉकड्रिल करके बताया कि वो किस तरह से बाढ़ में फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू करेंगे।



उन्हें कैसे सुरक्षित जगह पर पहुंचाएंगे। नदी में यदि कोई व्यक्ति डूब गया है तो उसके शव को कैसे खोजकर निकालेंगे। इस दौरान उन्होंने डीप डाइविंग करके भी अधिकारियों को दिखाया। काफी देर तक जवान ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से पानी के अंदर रहे और अंदर पड़े डमी शव को खोजकर बाहर निकाला। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति बाढ़ के पानी में डूब गया है और उसे जिंदा बचा लिया गया तो कैसे उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देना है। कैसे उसे सीपीआर दिया जाएगा और उसकी सांसे लौटाने के लिए क्या उपाए किए जाएंगे। इस दौरान एसडीआरएफ के जवानों ने यह भी बताया कि रेस्क्यू के दौरान उनके पास किस तरह के आधुनिक बचाव उपकरण हैं और उनका उपयोग कैसे करना है। इस दौरान विशेषज्ञों ने कई तकनीकी जानकारियां जवानों को दी। उनसे होने वाले फायदे के बारे में भी बताया।



ॐ

फीचर इम्पेक्ट

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये


**Advance Diploma in Industrial Safety**



इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रांरभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रांरभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN
**FOR THE SESSION 2025-26**

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)

M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil
- ET&T • Mechanical
- Electrical Artificial
- Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW  MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS  MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**

प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून) -** लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्नीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



☏ 62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप



### कृषि कॉलेज में लगा शिविर छात्रों ने किया रक्तदान

**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी के संयोजन में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से किया गया, जो कि महाविद्यालय में एनएसएस के अंतर्गत आयोजित किया गया पहला रक्तदान शिविर था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा को प्रोत्साहित करना एवं युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर अधिष्ठाता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह रक्तदाता की सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। इससे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और दिल की सेहत बेहतर होती है। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के 20 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण की सक्रिय उपस्थिति रही और सभी ने सामूहिक रूप से इस मानवीय पहल को सफल बनाया।

### भक्तों का दल गया देवघर धाम

**खड़गांव।** देवघर बाबा धाम जाने के लिए पैंतीस से चालीस भक्तों का दल शुक्रवार को यहां से रवाना हुआ। मनोज महाराज और रुपेश गुप्ता के नेतृत्व में लगभग पांच सालों से देवधर बाबा धाम की यात्रा पर लोग जा रहे है। इसी क्रम में 18 जुलाई को भक्तों का दल रवाना हुआ।यह दल सुल्तानगंज तक रेल से सफ़र करेगा। सुल्तानगंज से देवघर बाबा धाम की यात्रा पैदल कांवर लेकर की जाएगी। यात्रा पर जाने वालों में मनोज महाराज, रूपेश गुप्ता, डोमन बघेल, डिगेश, गोविंद राना, ठाकरे, रमन, राजेन्द्र साहू, टीकम साहू, निखिल, गैंदलाल, खूबचंद, कार्तिक पटेल आदि शामिल हुए। विदाई के दौरान ग्रामवासियों ने भक्तों का उत्साहवर्धन किया। यह जानकारी व्यापारी संघ के सदस्य लक्की गुप्ता ने दी।

### कॉलेज में वाणिज्य संकाय शुरू करने की मांग

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति को ण ज्ञापन सौंप कर रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में राजनीतिक विज्ञान विषय हेतु पद सृजन तथा वाणिज्य संकाय की पुनः शुरु करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि इस महाविद्यालय में क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल करते हैं परंतु विषयों की सीमित उपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को अन्य महाविद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने राजनीतिक विज्ञान विषय हेतु नवीन पद सृजन और वाणिज्य संकाय को पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दशमत चंदेल, लक्ष्मी जंघेल, रूप कुमार माहिकवार, चैनदास जंघेल, भगवती वर्मा, ईश्वरी वर्मा, महेश्वर जंघेल, गुलाब वर्मा, गयाप्रसाद वर्मा, महेश महुले, मोहन वर्मा, जोहन वर्मा, हुजूरदास वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, विश्राम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### शशि सोनी

**थानखम्हरिया।** नगर के वार्ड 12 निवासी शशि सोनी 60 वर्ष का निधन हो गया। वे बलदाऊ सोनी की पत्नी थीं। संतोष सोनी की बहू व बसंत सोनी, राजु सोनी की भाभी तथा धनराज सोनी एवं अमन सोनी की माताजी थीं। अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में हुआ। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने समाजजन, इष्टमित्र व शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### प्रेरणा विद्यालय में हायर लर्निंग कक्षा का किया गया आयोजन

# सफलता का मंत्र, परिश्रम, अनुशासन और दुनियादारी : डॉ. कुमार राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रेरणा विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए हायर लर्निंग कक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय मीडिया जगत की प्रतिष्ठित और अनुभवी शख्सियत प्रो. डॉ. कुमार राजेश बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉ. कुमार राजेश पत्रकारिता के क्षेत्र में तीन दशकों से सक्रिय हैं और अपने समृद्ध अनुभव, गहरी अंतर्दृष्टि तथा प्रेरक व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं।

डॉ. कुमार राजेश ने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत 1992 में भारत की पहली वीडियो पत्रिका न्यूज़ट्रैक से की। 1995 में उन्होंने दूरदर्शन पर आज तक कार्यक्रम की स्थापना टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एनडीटीवी, इंडिया टीवी और एबीपी नेटवर्क जैसे देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है। हाल ही में वे सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन मूल्यों पर आधारित साप्ताहिक कार्यक्रम 'क्या बात है!' का संचालन कर चुके हैं, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया।

**विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव :** डॉ. कुमार राजेश के अनुभव, उनके शब्दों की गहराई और जीवन के प्रति दृष्टिकोण ने बच्चों पर गहरा प्रभाव डाला। विद्यार्थियों ने न केवल मीडिया जगत की वास्तविकताओं को समझा, बल्कि यह भी जाना कि कैसे अध्ययन, चिंतन और निरंतर प्रयास से कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने बच्चों को खूब पढ़ने, सोचने और अपने भीतर के कौशलों को पहचानने की प्रेरणा दी। इस संवादात्मक सत्र के अंत में, प्रेरणा विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक नए उत्साह, आत्मविश्वास और जागरूकता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की भावना को महसूस किया। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।




#### सफलता के तीन स्तंभ, परिश्रम अनुशासन और दुनियादारी की समझ

हायर लर्निंग सत्र के दौरान, डॉ. कुमार राजेश ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए जीवन के विविध अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जीवन में चुनौतियाँ बार-बार आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ता है, वही सच्चे अर्थों में सफल होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि कठिन परिस्थितियाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और हर अनुभव, चाहे वह अच्छा हो या कठिन, सीखने का एक अवसर होता है। डॉ. राजेश ने इस बात पर विशेष बल दिया कि केवल पढ़ाई में अच्छे अंक लाना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि वास्तविक शिक्षा वह है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाए। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे हर कार्य में सक्रिय रूप से भाग लें चाहे वह मंच पर बोलना हो, किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना हो या टीम में मिलकर काम करना हो क्योंकि ऐसे अवसरों से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सफलता के तीन मुख्य स्तंभ बताए परिश्रम, अनुशासन और दुनियादारी की समझ।

## आर्थिक सहायता का लाभ लेने निःशक्तजन आगे आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिले में दिव्यांग हितग्राहियों को विवाह उपरांत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना का उद्देश्य दिव्यांग जनों के सामाजिक पुनर्वास को बढ़ावा देना तथा उन्हें आजीविका में प्रारंभिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत 18 से 45 वर्ष की आयु के वे दिव्यांग पुरुष, जो आयकर दाता की श्रेणी में नहीं आते हैं, यदि किसी सामान्य व्यक्ति से विवाह करते हैं तो उन्हें 50 हजार की एकमुश्त सहायता राशि दी जाती है। वहीं, यदि वर और वधु दोनों ही दिव्यांग हों, तो उन्हें 1 लाख की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता राशि विवाह के 6 माह के भीतर आवेदन करने पर ही दी जाएगी। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तथा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना पहले से संचालित की जा रही है। विभाग द्वारा चिन्हित हितग्राहियों में यदि कोई दिव्यांग व्यक्ति भी शामिल है, तो उन्हें समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना का भी लाभ दिलाया जा सकता है। इसके लिए दोनों विभागों के मध्य समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हो सकें। समाज कल्याण विभाग द्वारा गत वर्ष लाभान्वित दिव्यांग हितग्राहियों की जानकारी संबंधित विभागों को प्रेषित की गई है, जिससे योजना की व्यापकता और पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही, जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न जनकल्याण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि दिव्यांगजन इस महत्वपूर्ण योजना से अवगत हो सकें और विवाह के उपरांत उन्हें समय पर सहायता राशि प्राप्त हो। समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने हेतु अपने आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर विभाग में जमा करें।

- समाज कल्याण विभाग समन्वय कर अन्य विभागों की योजनाओं से भी दिला रहा लाभ

## छग का भविष्य संवारने अंजोर विजन 2047 में बेमेतरा की भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजधानी के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में शुक्रवार को आयोजित 'अंजोर विज़न 2047' विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश भर से जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर, समावेशी और विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस अवसर पर बेमेतरा ज़िला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने कार्यक्रम उपरांत प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट कर उन्हें 'अंजोर विज़न 2047' दस्तावेज़ के लिए शुभकामनाएं दीं और इस रोडमैप को छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताया। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि यह विज़न दस्तावेज़ महिलाओं, युवाओं, किसानों और ग्रामीण अंचलों की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इससे प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में रायपुर ज़िला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनप्रतिनिधि संजय पांडेय सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल रहे। अंजोर विज़न 2047 में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, तकनीकी नवाचार, महिला-युवा विकास और आधारभूत ढांचे पर विशेष फोकस किया गया है। कल्पना योगेश तिवारी की उपस्थिति यह साबित करती है कि बेमेतरा जैसे ग्रामीण जिले भी अब राज्य के भविष्य की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई पुस्तकें



**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनू में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं में कक्षा 9वी में एवं कक्षा ग्यारहवीं में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर के मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। साथ ही गणवेश वितरण पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा एक-एक पौधे अपने मां के नाम से रोपित किया गया। साथ ही छात्रों के द्वारा भी पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में युक्तियुक्तकरण के द्वारा इस संस्था में नवनियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत चंदनू के सरपंच राहुल शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर के पुरस्कृत किया गया। कक्षा बारहवीं में प्रथम अमृत साहू, द्वितीय लीना साहू, तृतीय विनीता बांधे, कक्षा दसवीं में प्रथम दीक्षा रानी माडिले, द्वितीय नेहा, तृतीय त्रिवेणी रहे है। छात्रों को मध्यान भोजन में खीर पूरी दाल सब्जी रोटी अचार पापड़ खिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्था के प्राचार्य विजय कुमार घृतलहरे के द्वारा प्रत्येक छात्रों को अपने मां के नाम से एक-एक पेड़ लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया।

## बाल संसद के गठन से होता है लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखंड नवागढ़ में बाल संसद का गठन किया गया। नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस के द्वारा बच्चों को बाल संसद के कार्य और उद्देश्यों से अवगत कराया गया। जिसमें नवाचारी शीतल बैस ने बताया कि बाल संसद के गठन से लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है।

विद्यालय और समुदाय के विकास में भागीदारी, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, चुनाव, और प्रतिनिधित्व की अवधारणा, नेतृत्व, निर्णय लेने, और टीम वर्क जैसे कौशल, विद्यालय और समुदाय के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेना, एवं सामाजिक मुद्दों, जैसे स्वच्छता, शिक्षा, और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करती है। और उन्हें इन मुद्दों पर सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। बाल संसद में प्रधानमंत्री कु.चाँदनी पाल, उप प्रधानमंत्री टिकेन्द्र साहू, सफाई एवं स्वच्छता मंत्री तरुण साहू कु डाली साहू, कु राखी साहू, संस्कृति मंत्री कु परमेश्वरी साहू, नवीन निषाद, अनुशासन मंत्री आरिया ध्रुव, यामिनी निषाद, पर्यावरण मंत्री होमेंद्र, लीला, यामिनी व खेल मंत्री कु इशिका रात्रे, किरतिन निषाद, खाद्य मंत्री तारनी पाल, अदिति महिलांग का चयन किया गया। प्रजातंत्रिक ढंग से निर्वाचन कर बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर संस्था प्रमुख द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। संस्था प्रमुख ओंकार प्रसाद ध्रुव व सहायक शिक्षक तुलसी ध्रुव, मुकेश प्रजापति, विक्रम ध्रुव, सुनील मरार की सहभागिता रही।

## स्थानांतरण पर प्रधानपाठक को स्कूल परिवार ने दी विदाई

**बेमेतरा।** सहायक शिक्षक पद से प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल ढाप होने पर नवागांव गहिरा शाला परिवार व ग्रामवासियों की ओर से विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पुष्पांजलि यदु थीं। प्रधान पाठक शेष नारायण महेश्वरी सहित सभी अतिथियों का शिक्षकों व बच्चों की ओर से स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही संकूल से आये सभी शिक्षक शिक्षिका का स्वागत सम्मान किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय व संकुल में नये शिक्षक शिक्षिका भारत भुषण टंडन, कविता साहू, योजना तिवारी, लेखा रजक, सुनीता जोशी, वर्मा मैडम का नये शिक्षक के रूप मे संकुल मे पदस्थ होने पर स्वागत किया गया। उद्बोधन की कड़ी में प्रधान पाठक रोहित वर्मा ने शेष नारायण महेश्वरी के साथ बिताये पल को याद कर भावुक हुऐ। पालकों, छात्र और जनप्रतिनिधियों ने शेष नारायण को उपहार भेंट किये। विदाई समारोह में सरपंच पुष्पांजलि यदु, रामेश्वर यदु, भारत भुषण टंडन, रोहित वर्मा,एल आर कौशिक, महेश साहू, राजेंद्र कुमार रात्रे, योगेश साहू, कविता साहू, योजना तिवारी, धनेश रजक, परस यादव, मनीराम श्रीवास, रोहित नेताम, नेमी रजक, उत्तम साहू, दीप कुमार वर्मा, अजय यादव, सुनीता जोशी आदि मौजूद थे।



## ओबीसी सम्मेलन को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज



**बेमेतरा।** जाति जनगणना से ओबीसी समाज को मिलने वाले लाभ, 'एक देश, एक चुनाव', 'एक पेड़ मां के नाम' और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशभर में बड़ा आयोजन करने जा रही है। जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश के पांचों संभागों में ओबीसी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर के नेतृत्व में सभी संभागों की बैठकें पहले ही पूरी हो चुकी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय की गई। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, महामंत्री डॉ. खिलावन साहू, उपाध्यक्ष शांतनु साहू, प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सम्मेलनों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकाराम वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, केदार कश्यप सहित स्थानीय सांसद-विधायक मौजूद रहेंगे।

## जुडो में बाल संस्कार शिशु मंदिर के छात्रों का राज्य स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा के विद्यार्थियों ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर-14 जुडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

13 जुलाई को शंकराचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीजा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के बाद 17 जुलाई को शासकीय जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधी चौक, भिलाई में आयोजित क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में इन विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के आधार पर चार छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इसमें कक्षा आठवीं से कान्हा साहू एवं कक्षा सातवीं से हेमंत निर्मलकर, नैतिक वर्मा और मोहन निषाद सम्मिलित हैं। इस उपलब्धि में विद्यालय की खेल शिक्षिका तिलेश्वरी साहू का विशेष योगदान रही जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि अर्जित की। संस्था प्रमुख डॉ. रेवाराम पाल ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, व्यायाम एवं स्वास्थ्य का संतुलन विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत आवश्यक है। /"खेलो इंडिया/" योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालय में खेल को एक विषय के रूप में समाहित कर नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षण संस्थान सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देकर उनके कौशल को निखारने का निरंतर प्रयास करता है। राज्य स्तरीय चयनित प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दीं। पालक समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता संपूर्ण अंचल के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह प्रयास ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### मतदाता सूची के त्रुटिरहित निर्माण के लिए बूथ लेवल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# जिले में विस स्तर पर हुआ बीएलओ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में विधानसभा स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 10 से 17 जुलाई तक जनपद पंचायत बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ के सभाकक्षों में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना था। आयोग द्वारा बीएलओ की क्षमता संवर्धन पर विशेष ध्यान देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। प्रत्येक विधानसभा में 50-50 बिएलओ के बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को उनकी नियुक्ति, कार्य, दायित्व, एवं उनसे अपेक्षित व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भारतीय संविधान और निर्वाचन संबंधी कानूनी प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला गया।

प्रशिक्षण में निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया, जिसमे मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रियाएं, फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (नाम हटाने हेतु), एवं फॉर्म-8 (संशोधन हेतु) भरने का अभ्यास, घर-घर सर्वेक्षण के दौरान अपेक्षित शिष्टाचार और भूमिका निर्वहन पर केंद्रित रोलप्ले व केस स्टडी, फॉर्म प्रबंधन की तकनीकी जानकारी और फार्म सत्यापन की प्रक्रिया आदि शामिल।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा ने जनपद पंचायत बेमेतरा में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, भागीदारी व प्रशिक्षण सामग्री की गुणवत्ता की सराहना की तथा अधिकारियों से फील्ड में ईमानदारी व सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए ।

